७) हे अफाट, अगाध, अचाट, अपार विश्व निर्माण करणाऱ्या ईश्वर नावाच्या शक्तीने प्रजापति नावाचे पुरुष, मातृका म्हणवणाऱ्या महिला, अर्भके इत्यादी पहिली पिढी निर्माण केली व त्यांच्यापासून पुढे मानववंश वाढत गेला. मानवाची पहिली पिढी निर्माण करण्याचा चमत्कार कसा झाला? अशी शंका घेण्याचे काहीच कारण नाही. ही सारी सृष्टीच पदोपदी चमत्कृतिपूर्ण आहे. अधांतरी फिरत रहाणारे अंतरिक्षातील अगणित ग्रहतारे, त्यांच्यातून अविरत धगधगणारा प्रकाश, सूक्ष्म, अदृश्य जीवजंतूंपासून हत्ती व देवमाशांपर्यंतचे जीवांचे अगणित अखंडित चालू असलेले जीवन-मरण हे सर्व चमत्कार सतत चालू असतात, ह्या पृथ्वीवरील जीवनात मानवास आवश्यक अशा सर्व विषयांचे ज्ञान संकलित वेद नावाचे ज्ञानभांडार त्याच ईश्वरशक्तीने मानवाच्या पहिल्या पिढीस उपलब्ध करून दिले. एवढेच नव्हे तर ते वेद पिढयान्‌पिढ्या मुखोद्‌गत म्हणू शकणारी हजारो कुलांची परंपराही निर्माण केली.

८) या वर्षी अतिवृष्टिमुळे फार मोठया प्रमाणात नुकसान झाले. या अतिवृष्टित अनेक माणसे प्राणाला मुकली व मालमत्तेचे नुकसान झाले आहे. या नुकसानीची झळ मुंबईस मोठया प्रमाणात बसली. मिठी नदीची ओळख यामुळे लोकांना झाली. मिठी नदीला पूर आल्यामुळे लोकांचे अतोनात हाल झाले. त्यातून मुंबईकरांनी

स्वत:ला अल्पावधीत सावरले. त्यांचे धैर्य अतुलनीय आहे. आपदग्रस्तांना शासनाकडून मदत देण्यात आली. त्यात घरांची पुर्नबांधणी करणे, पशुधनांची खरेदी व शेती लागवडी योग्य करणे यासाठी देण्यात येणाऱ्या अर्थसहाय्याचा समावेश होतो. मदत आणि पुनर्वसन कार्यासाठी उपाययोजना हाती घेण्यात आल्या. ज्या शेत जमिनीचे नुकसान झाले तेथे जमीन पूर्ववत करण्यासाठी शेतकऱ्यांना अर्थसहाय्य देण्यात आले. अतिवृष्टिमुळे रस्ते व पूल नादुरुस्त झाले. त्यांच्या दुरुस्तीचे कामे हाती घेण्यात आली आहेत.

९) आजपर्यत अनेक कवी, लेखक, कलावंतांनी "आई" संदर्भात कलाकृती निर्माण केली आणि ही प्रक्रिया यापुढेही चालू राहणार आहे. आई ही व्यक्ती, आई हे नातं किंवा आई हे वात्सल्य सगळचं शब्दातीत-शब्दांच्या पलीकडचे असे चरित्र आहे. आई नेहमीच कष्ठ करते. घरासाठी राबते पण तिच्यातही एक माणूस आहे, व्यक्ती आहे हे आपण विसरतो. तिलाही स्वत:ची मतं, आवडी-निवडी असतील हेच आपण विसरतो.

१०) बाजारपेठेतील व्यवहारांना प्राधान्य देणाऱ्या आर्थिक सुधारणा करताना शिक्षण, आरोग्य व इतर मूलभूत गरजांकडे लक्ष देऊन त्या पुऱ्या व्हाव्यात, यावर भर द्यायला हवा, असे अमर्त्यसेन पूर्वीपासून म्हणत आहेत. गरिबी, भूक, दुष्काळ हे सेन यांच्या अभ्यासाचे विषय आहेत. दुष्काळ हा बहुतेकदा सरकारच्या चुकीच्या धोरणांचा परिपाक असतो. अन्नधान्यांची कोठारे भरलेली असूनही लोक भुकेने बेजार राहू शकतात, याचे कारण त्यांच्याकडे ते अन्नधान्य खरेदी करण्या एवढे पैसेच नसतात, असे सेन यांनी भारतासह इतर अनेक देशांतील दुष्काळाचा अभ्यास करून सप्रमाण सिध्द केले आहे.

११) आइनस्टाइनमुळे जगाची विचार करण्याची पध्दती बदलून गेली. भौतिक शास्त्रज्ञांनीच नव्हे तर सगळ्या ज्ञान शाखांनी सापेक्षतावाद स्वीकारला. याहीपेक्षा आइनस्टाइन यांचे विज्ञान विषयक विचार मानवतावादी होते. विज्ञानामुळे जगभर शांतता नांदावी, एकमेकांचा संहार घडवून नि:पात करण्यासाठी विज्ञान नाही, हा विचार त्यांनी जगाला दिला. देशांदेशांमधील शस्त्रस्पर्धा थांबवून अवघ्या विश्वाचा कल्याणासाठी विश्व सरकारचे आइनस्टाइन आग्रही पुरस्कर्ते होते. त्यांच्या मानवतावादी पैलूंमुळे आइनस्टाइनचं स्थान आजही अढळ राहिलय.

१२) कोणतेही काम नीट व्हावयाचे म्हटल्यास त्याला तीन गोष्टींची जरूर असते. पहिली गोष्ट म्हणजे त्या कामातला संपूर्ण वेग साधला पाहिजे. परीक्षेसाठी प्रश्न विचारले जातात. त्यांची उत्तरे ठरलेल्या वेळेच्या आत लिहून झाली पाहिजेत असा नियम असतो. ह्यात महत्त्वाचा मुद्दा आहे. अमुक मैल कूच करून जावयाचे आहे, एवढाच प्रश्न लष्करापुढे नसतो. पण अमुक वेळेच्या आत अमुक मैल जावयाचे आहे असा मुदतबंदीचा प्रश्न लष्करापुढे असतो. जी गोष्ट लष्कराची तीच कमीजास्त प्रमाणात व्यवहारातल्या सर्व उद्योगांना लागू आहे. रसोई करणारा मनुष्य रसोई चांगली करतो पण पांच माणसांची रसोई बनविण्याला त्याला पांच तास लागतात,

तर त्याचे रसोई बनवणे निरूपयोगी आहे. काळाच्या प्रवाहात मनुष्य सापडलेला असल्यामुळे त्याला सर्व कामे ह्या प्रवाहाचे धोरण सांभाळून करायची असतात. म्हणून वेग साधणे हा कामातला एक आवश्यक मुद्दा ठरतो.

प्रश्न ४ था. निम्नलिखित में से किसी एक पत्र का प्रारूप (नमूना) तैयार कीजिए। **(१५)**

१. प्रेम/प्रेमा पालका, २०३, शिवगंगा नगर, भायंदर से अपने मित्र/सहेली को अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करता है/करती है।

२. युवराज/यामिनी ठाकुर, रेशन बाग, नागपुर से व्यवस्थापक, प्रज्ञा पुस्तक भंडार, नागपुर को "पंचतंत्र" की पांच प्रतियाँ मंगवाने हेतु पत्र लिखता/लिखती है।

३. निधीश/प्रहलाद पाठक, १६०, अंबे माँ हा. सोसायटी, भायंदर से अपने मित्र/सहेली को उसके जन्मदिन पर बधाई संदेश एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता/करती है।

४. मंगेश/मानसी वैद्य, १०९ शिवाजी नगर, पुणे से पुणे महानगरपालिका के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर अपने मुहल्ले की गंदगी को दूर करने की प्रार्थना करता/करती है।

५. विभा/पुनीत शर्मा, २०१, गोल्डन पार्क, कल्याण (पश्चिम) से अपने मोहल्ले में हो रहे अत्यधिक भार नियमन (लोड शेडिंग) के संदर्भ में शिकायत पत्र मुख्य अभियंता, कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण को लिखता/लिखती है।

६. विशाल/वैशाली जाधव, ८१, सोमवार पेठ, सिन्नर से व्यवस्थापक, महाराष्ट्र टी. वी. सेंटर, नासिक रोड़, नासिक को टी.वी. बिगड़ जाने के कारण पत्र लिखता/लिखती है।

७. अनंत/अनिता चौधरी, १०३, तुलसीबाग, पुणे-४११००२ से प्रधानाध्यापक, माधव विद्यालय, लक्ष्मी रोड़, पुणे को पत्र लिखकर अपने छोट भाई का मासिक शुल्क अगले माह जमा कराने की अनुमति देने के लिए पत्र लिखता/लिखती है।

८. उमा/उमेश शर्मा, शास्त्री नगर, अमरावती से स्वास्थ्य अधिकारी, महानगरपालिका, अमरावती को शहर में अशुध्द जल की आपूर्ति होने के बारे में ध्यान आकर्षित करते हुए पत्र लिखता/लिखती है।

९. महेश/माया चौधरी, विद्यानगर, जलगाँव से व्यवस्थापक, प्रकाश बुक डिपो, पुणे के नाम पत्र लिखकर मँगवाई गई पुस्तकों की कम प्रतियाँ तथा दो फटी हुई पुस्तकें प्राप्त होने के बारे में शिकायत करता/करती है।

१०. ४४१, रविवार पेठ, नासिक से मयूर/मयूरी देशपांडे, व्यवस्थापक, विनस प्रकाशन, पुणे-२ को पत्र लिखकर हिंदी की कुछ पुस्तकें मंगवाता/मँगवाती है।

११. प्रभाकर/प्रमिला पाटील, महात्मा गांधी मार्ग, नासिक से मुख्याध्यापक, सोमैय्या कन्या विद्यालय, मनमाड, जिला नासिक को अपनी छोटी बहन को पाँचवी कक्षा में प्रवेश दिलाने के लिए प्रार्थना पत्र लिखता/लिखती है।

१२. रमेश/रमा कुलकर्णी, ४२५ जवाहर चौक, परभणी से अपना परीक्षा शुल्क माफ करने की प्रार्थना करते हुए शासकीय विद्यालय, परभणी के प्रधानाध्यापक को पत्र लिखता/लिखती है।

१३. वर्धा से संजय/सरोज पाठक, वर्धा नगरपालिका के नगराध्यक्ष को वार्ड नं. ३२ की सफाई करवाने के लिए शिकायती पत्र लिखता/लिखती है।

१४. आनंद/अर्चना देसाई, इंदिरा पथ, नागपुर से विभागीय सचिव, महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षण मंडल, औरंगाबाद को लिपिक की नौकरी के लिए आवेदन पत्र लिखता/लिखती है।

१५. वंदन/वंदना तांबे, ३५, गांधी चौक, सतारा से प्रधानाध्यापक, नेताजी विद्यालय, राजपथ, सतारा को बडी बहन के विवाह के कारण पाँच दिनों की छुट्टी के लिए आवेदन पत्र लिखता/लिखती है।

१६. ३० अ, राजेंद्रनगर लातूर से नंदकुमार/नंदिता परमार प्रसन्न ट्रेवल्स कंपनी के लातूर स्थित कार्यालय के व्यवस्थापक के नाम पत्र लिखकर "महाबलेश्वर-प्रतापगढ" यात्रा के लिए आवश्यक मार्गदर्शन करने के लिए विंनती करता/करती है।

१७. १०५, गांधीनगर, नागपुर से शरद/शारदा दुबे, कोल्हापुर निवासी अपने मित्र/सहेली को अपनी पाठशाला में मनाए गए "वन-महोत्सव"का वर्णन करते हुए पत्र लिखता/लिखती है।

१८. विनय/वंदना सावंत अपने औरंगाबाद निवासी छोटे भाई को जीवन में समय के सदुपयोग का महत्त्व समझाते हुए पत्र लिखता/लिखती है।

१९. शांतिकुटीर, गांधीनगर, सोलापुर से उमेश/उमा पाटील अपने आलसी मित्र/सहेली को 'आलस्य अवनति का मूल है' यह समझाते हुए आलस्य त्यागने की सलाह देते हुए पत्र लिखता/लिखती है।

२०. अपने शहर में अशुध्द जल के कारण बढ़ती बीमारी की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए स्वास्थ्य विभाग अधिकारी, नगर परिषद के नाम अनिल/अनिता कदम, मनमाड़ से पत्र लिखता/लिखती है।

२१. राजन/राजश्री सेवलकर, ८१५ 'स्नेह सदन' अमरावती से अपने मित्र/सहेली सुधांशु/सुषमा जोशी, ३९९ 'स्वीट होम' नासिक को पत्र लिखकर शालांत परीक्षा में प्रथम श्रेणी पाने के उपलक्ष्य में बधाई पत्र लिखता/लिखती है।

२२. दीपा/दीपेश श्रीवास्तव, ३०२, नेहरू नगर, नासिक से अपनी सहेली/मित्र विनिता/विजय देशपांडे 'एफ' ब्लाक, आनंद नगर पूना को अपने बड़े भाई के विवाह में आमंत्रित करती/करता है।

२३. संतोष/सरोज, २०५ शिवाजी नगर, सांगली से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर परिषद सांगली को पत्र लिखकर मुहल्ले में अनियमित जलपूर्ति से होनेवाली असुविधा के संबंध में शिकायत करता/करती है।

२४. प्रवीण/प्रमीला देसाई, 'पंचवटी' लोकमान्य तिलक रोड़, नासिक को राज्यस्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर, रमेश/रमा शाह अकोला से बधाई पत्र लिखता/लिखती है।

२५. संतोष/संगीता पाटील, ४०, सोमवार पेठ, कोल्हापुर से परीक्षा में अनुतीर्ण हुए एक निराश मित्र/सहेली को पत्र लिखकर पढाई जारी रखने की प्रेरणा देता/देती है।

प्रश्न ५वा. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं सात शब्दों के लिए अंग्रेजी पर्यायी शब्द लिखिए। (७)

१	कार्यालय- अधीक्षक	५१	श्रमिक संघ
२	पुलिस महानिरीक्षक	५२	श्रम आयुक्त
३	हस्तांतर-पत्र	५३	वचनभंग
४	कुलाधिपति	५४	वन-भूमि
५	भारतीय मानक समय	५५	मरम्मत
६	नियत तारीख	५६	प्रारंभिक जांच
७	पूंजीगत लागत	५७	बंजर भूमि
८	सभापति	५८	देशी भाषा
९	अभिलेखक	५९	डाक मोटर सेना
१०	प्रशासनिक विभाग	६०	व्दारपाल
११	आपसी करार	६१	अभिदायी भविष्य निधि
१२	अस्थायी	६२	वाहन भत्ता
१३	उत्पादन शुल्क	६३	सकल राशि
१४	उप-नियम	६४	अध्यक्ष
१५	हिंसा	६५	प्रादेशिक भाषा
१६	हस्तलेख विशेषज्ञ	६६	न्यायालय फीस

१७	सार्वजनिक पुस्तकालय	६७	कंपन
१८	सेवा-समाप्ति	६८	ऐतिहासिक महत्व
१९	शासकीय अभिलेख	६९	जंगम संपत्ति
२०	मुख्य सचिव	७०	जनगणना
२१	कार्यशाला	७१	वैज्ञानिक अनुसंधान
२२	कार्यवाही	७२	मुख्य श्रम आयुक्त
२३	सत्यापन	७३	यातायात संकेत
२४	विशेषाधिकार	७४	परिवीक्षा अधिकारी
२५	वरिष्ठता	७५	नीलाम करना
२६	प्राथमिकता	७६	न्याय संगत आधार
२७	आरक्षण	७७	डकैती
२८	प्रभारी	७८	तद्धीन
२९	संस्तुति	७९	चाय बगान
३०	आद्याक्षर	८०	वैयक्तिक बीमा
३१	परिपत्र	८१	भोजनालय
३२	पदावधि	८२	न्यास
३३	निगम	८३	प्रसाधन
३४	कार्मिक विभाग	८४	प्रस्ताव
३५	परिचालन	८५	खुदरा व्यापारी
३६	निवारक-सेवा	८६	थलसेना
३७	पूर्व अनुमोदन	८७	वायुसेना
३८	प्रभुत्व	८८	अत्यावश्यक सामग्री
३९	बाजार मूल्य	८९	अधिकारिता
४०	न्यायिक अभिलेख	९०	सत्र न्यायाधीश
४१	नमक का कारखाना	९१	विवरण पत्रिका
४२	व्दारपाल	९२	संकाय
४३	चिडियाघर	९३	धमकी
४४	छात्रावास	९४	प्रश्नावली
४५	असहमति	९५	प्राधिकारी
४६	आदेश निकालना	९६	प्रादेशिक

४७	भत्ता	९७	यात्री किराया
४८	बैंक नोट	९८	अपर सचिव
४९	बहुसंख्या	९९	नियम
५०	बहुमत	१००	अधिनियम

प्रश्न ६ ठा. निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही आठ शब्दों के लिए हिंदी पर्यायी शब्द लिखिए । (८)

1	Legal Advice	51	Memorandum
2	Statement	52	Internal Audit
3	Station Master	53	Balance Sheet
4	Head Constable	54	Custom Duty
5	National Integration	55	Sales Tax
6	Civil Offence	56	Insurance Agent
7	Underground	57	Octroi
8	Post Graduate Course	58	Civil Surgeon
9	Provision	59	Failure
10	No Objection Certificate	60	Disagreement
11	Contigency fund	61	Family Pension Fund
12	Fracture	62	Factory Manager
13	Superme Court	63	Penal code
14	Judge of High Court	64	Gate Keeper
15	Hijacking	65	Mayor of Corporation
16	Collectively	66	Deposite Certificate
17	Public Gambling	67	Regulatory
18	Retirement	68	Consolidated Fund
19	Penalty	69	Democracy
20	Printing	70	Exchange
21	Assessing Officer	71	Warranty
22	Central Stores Department	72	Mortgage
23	Postal Life Insurance	73	Dividend
24	Share Capital	74	Honorarium

25	Directorate	75	Allotment
26	Incentive	76	Disposal
27	Remarks	77	Adjourment
28	Surcharge	78	Contributory Provident Fund
29	Validity of Certificate	79	Conveyance Allowance
30	Written Instrument	80	Gross Pay
31	Account	81	Forwarding letter
32	Tenure	82	Monetary Loss
33	Certificate	83	Notification
34	Notification	84	Monopoly
35	Mission	85	Stock-Book
36	Imprest Money	86	Purpose
37	Rules	87	Slipulation
38	Deduction	88	Historical
39	Market-Value	89	Cultural Pearl
40	Blank cheque	90	Fault
41	Advocate General	91	Life-Saving
42	Criterion	92	Agreement in Writing
43	Formal	93	Small Scale Industry
44	Creche	94	Disagreement
45	Handicraft	95	Faliure
46	Hostel	96	Penal Code
47	Prescribed	97	Money-holder
48	Appropriate	98	Broker
49	Assessment	99	Allotment
50	Endorsement	100	Act

प्रश्न ७ वा. निम्नलिखित गद्यखंड का एक - तिहाई सार लिखिए अथवा गद्यखंड के निचे दिए (२०)

गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। सार को उचित शीर्षक दीजिए।

(१) यह बात सभी जानते हैं कि विश्व के १८५ देशों में इंग्लैड केवल ६ देशों की ही सरकारी भाषा अंग्रेजी है, जो विगत अंग्रेजी साम्राज्य के अंतर्गत रहे थे , जबकि बिना अंग्रेजीवाले राष्ट्र अपनी भाषाओं के बल पर बराबर प्रगति कर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी ख्याति बढ़ा रहे हैं। परंतु दुर्भाग्यवश कतिपय स्वार्थी लोगों ने सरकार में बैठे

नेताओं को सदैव अपने स्वार्थों की ख़ातिर राष्ट्रभाषा को उसका जायज हक पाने से रोका और ऐसे लोग आज भी कम ताकतवर नहीं है। हिंदी का प्रमुख विरोध दक्षिण भारत में अब तक अधिक हुआ है। तमिलनाडू आदि राज्य अपनी राज्य प्रादेशिक भाषाओं में ही कामकाज करते है परंतु जब भी कभी हिंदी की बात उठती है तो वे उसके रास्ते में हमेशा रुकावट ड़ालते चले आ रहे हैं । यह भी एक वास्तविकता है कि यदि कभी हिंदी का बोलबाला हो जाये और वह राजभाषा के पद पर प्रतिष्ठित हो जाये तो अखिल भारतीय सेवाओं में उन्हीं का वर्चस्व कायम रह सके।

प्रश्न :

(१) विश्वस्तर पर अंग्रेजी भाषा की क्या स्थिति है? (४)
(२) हमारे देश में किस भाषा को अपनाया गया है? (४)
(३) कौन से लोग राष्ट्रभाषा के विकास में बाधक बने है? (४)
(४) दक्षिण भारत में हिंदी का विरोध क्यों करते हैं? (२)
(५) यदि हिंदी राष्ट्रभाषा हो जाये तो क्या होगा? (२)
(६) हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के प्रति आपकी क्या राय है? (२)
(७) इस गदयखंड़ के लिए उचित शीर्षक दीजिए। (२)

(२)

हमारे देश में धर्मो- सम्प्रदायों के अनेक उपासना - गृह, मंदिर मस्जिद, गिरजाघर और गुरुव्दारे हैं। सभी शांति चाहते हैं, पर शांति का दर्शन कहीं होता नहीं। हर जगह कोई-न-कोई आंदोलन छिड़ा है। पत्थर, सीमेंट, गारे - चूने से बने इस भव्य , पवित्र स्थानो से मनुष्य की नैतिकता को कोई बल क्यों नहीं मिलता? जरूरत इस बात की है कि इन धार्मिक स्थानों से नैतिकता और शांति को संदेश प्रसारित हो इन स्थानों में परंपरागत पुजारियों की जगह गणमान्य विव्दान हों, जो हमारे मन को शांति दें और उसमें एक विशेष आस्था का संचार करें। हमें आज धार्मिक क्षेत्र में आवश्यकता है वैचारिक क्रांति की, सत्साहित्य की, एवं चरित्र निर्माण की।

प्रश्न:

(१) हमारे देश में धर्म और सम्प्रदायों की क्या स्थिति है? (४)
(२) हमारे देश में कौन-कौन से धार्मिक स्थान है? (४)
(३) आज पवित्र धार्मिक स्थानों में किस बात की कमी है? (४)
(४) आज धार्मिक स्थानों से हमारी क्या अपेक्षाएँ है? (२)
(५) आज धार्मिक क्षेत्र में हमें किन बातों की आवश्यकता है? (२)
(६) हर जगह आंदोलन क्यों छिड़ा हुआ है? (२)
(७) गद्य - खंड के लिए उचित शीर्षक दीजिए। (२)

(३)

दान देने की परिपाटी प्राचीन काल से चली आ रही है। अन्नदान, गौदान, वस्त्रदान, सुवर्णदान, भूमिदान करना भारतीय अपना परम धर्म मानते हैं। धर्म से स्वर्ग की प्राप्ति होती है। प्राचीन काल में विद्यादान को सर्वश्रेष्ठ दान माना जाता था। वर्तमान काल में कुछ नए प्रकार के दान प्रचलित हैं। नेत्रदान, रक्तदान, किडनीदान। रक्त तो हर व्यक्ति के लिए जरूरी है। पचास वर्ष के निरोगी स्त्री-पुरुष रक्तदान कर सकते हैं। दुर्घटनाओं से परिपूर्ण वैज्ञानिक युग में रक्तदान सर्वश्रेष्ठ दान माना जा रहा है। नेत्रदान करने से घबराना नहीं चाहिए। क्योंकि मरणोपरांत ही आँखें निकालकर , अंधों को दी जाती हैं और वे देखने लगते हैं। बीमार के प्राण बचाने के लिए हम अपनी किड़नी दान दे सकते हैं।

प्रश्न:

(१) भारतीय लोग किसे अपना धर्म मानते हैं? (४)

(२) प्राचीन काल से लेकर अब तक कौन-कौन से दान प्रचलित हैं? (४)

(३) किन लोगों को रक्तदान करना चाहिए? (४)

(४) वैज्ञानिक युग में कौन सा दान श्रेष्ठ है? (२)

(५) नेत्रदान करने से घबराने की क्यों आवश्यकता नहीं हैं? (२)

(६) बीमार के प्राण बचाने के लिए हम क्या दान कर सकते है? (२)

(७) इस गद्यखंड़ को उचित शीर्षक दीजिए। (२)

(४)

विद्यार्थी के लिए शिक्षक ही उसका आदर्श होता है, लेकिन भीड़भरी कक्षाओं में शिक्षक के लिए यह संभव नहीं हो पाता कि वह अपने विद्यार्थी और उसकी समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से जान सके।कार्य में अत्यधिक बोझ और शिक्षा पदधति की औपचारिकताओं को पूरा करने में ही उसकी संपूर्ण शक्ति और समय समाप्त हो जाता है। विदयार्थी केवल इस कुंठा से ही ग्रसित नहीं रहते कि उनका शिक्षक उनका नाम तक नहीं जानता, बल्कि अपनी संपूर्ण असुविधाओं का कारण भी शिक्षकों की उदासीनता ही समझते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में संपूर्ण देश के लिए कोई समान नीति न होने से भी विद्यार्थियों के आक्रोश में वृद्धि होती है। वर्तमान शिक्षा नौकरशाही बाबू तैयार करती है। लेकिन जब अपनी आयु का आधा भाग डिग्री के पश्चात दर-दर भटकने के बाद भी उसे कहीं रोजगार प्राप्त नहीं होता तो वह उग्र रूप धारण करता है।

प्रश्न:

(१) विद्याथियों के लिए उसका आदर्श कौन होता है? (४)

(२) शिक्षक विद्यार्थियों की ओर व्यक्तिगत रूप से क्यों ध्यान नही दे पाता है? (४)

(३) शिक्षक की सारी शक्ति किस बात में समाप्त हो जाती है? (४)

(४) डिग्री प्राप्त विद्यार्थी आज उग्र रूप क्यों धारण कर रहा है? (२)

(५) विद्यार्थी के आक्रोश में वृद्धि कयों होती है? (२)

(६) वर्तमान शिक्षा- प्रणाली में क्या दोष हैं? (२)

(७) गद्यखंड के लिए उचित शीर्षक दीजिए। (२)

(५)

किसी अच्छे नागरिक में बौद्धिकता, आत्मनियंत्रण और वैज्ञानिक अभिरुचि होना आवश्यक है।अपने कर्तव्यों के लिए यह आवश्यक है कि कोई भी नागरिक उपर्युक्त गुणों से टिका रहे। प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है वह अपने देश के प्रति वफादार और कर्तव्यपरायण हो। अच्छे नागरिक का कर्तव्य है कि वह राज्य द्वारा लगाये गए करों का भुगतान समय पर करता रहे। किसी भी नागरिक का यह प्राथमिक कर्तव्य है कि वह कानून का पालन करे और गैरकानूनी कार्यो के बढ़ावे को रोके। उसको देश या राज्य का समर्थन करना चाहिए ताकि शांति और व्यवस्था बनाई जा सके। उसे अपनी स्वेच्छाओं का त्याग कर देना चाहिए। उसे अपना धन, समय और आत्मज्ञान समुदाय की भलाई के लिए तैयार रखना चाहिए। शांति के समय उसे दूसरों के विकास में व्यापक रुचि लेनी चाहिए। यही अच्छे नागरिकों के गुण हैं।

प्रश्न:

(१) अच्छे नागरिक में कौन-कौन से गुण होने चाहिए? (४)

(२) प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य क्या है? (४)

(३) नागरिक का प्राथमिक कर्तव्य क्या है? (४)

(४) अच्छा नागरिक समय पर क्या करता रहे? (२)

(५) शांति के समय में नागरिक को क्या करना चाहिए? (२)

(६) समुदाय की भलाई के लिए नागरिक को क्या तैयार रखना चाहिए? (२)
(७) इस गद्यखंड के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए। (२)

(६)

किसी भी देश या काल के लिए जवान तथा शिक्षक दोनों ही महत्त्वपूर्ण है। किसी एक के बिना समाज सुरक्षित नहीं रह सकता। दोनों ही समाज के रक्षक हैं, किंतु उनके कार्यो में भिन्नता दिखाई पड़ती है। एक शत्रु से रक्षा करता है, तो दूसरा उसे (देश को) समृद्ध बनाता है। फिर भी शिक्षक का उत्तरदायित्व जवान से कहीं बढ़कर है । भावी नागरिक निर्माण करने की जिम्मेदरी शिक्षक के ऊपर है। वह उसके शारीरिक , मानसिक तथा नैतिक विकास का जनक है, जिस पर व्यक्ति , समाज तथा राष्ट्र निर्भर है। आज शिक्षक के ही द्वारा कोई योग्य सैनिक बन सकता है।आज शिक्षक ने सैनिक धाराओं में क्रांति पैदा कर दी है। हमारे अहिंसक आंदोलन ने दुनिया को दिखा दिया है कि शिक्षक सैनिक से कहीं श्रेष्ठ है। उसे बनावटी शस्त्रों की जरूरत नहीं है। इसका आत्मिक बल सब शस्त्रों से बड़ा है। अगर आनेवाली दुनिया इसका अनुकरण करे तो शस्त्रीकरण का नामोनिशान भूपृष्ठ से उठ जाए। नैतिक शक्ति का बोलबाला हो, सारी दुनिया में एकात्मता की लहर फैले और तब ज्ञान-विज्ञान का निर्माण विकास के लिए हो, न कि विनाश के लिए।
प्रश्न:
(१) समाज की सुरक्षा किस पर निर्भर है? (४)
(२) शिक्षक तथा जवान समाज में क्या महत्त्व रखते है? (४)
(३) शिक्षक पर कौन-सी जिम्मेदारी है? (४)
(४) शिक्षक का शस्त्र कौन-सा है? (२)
(५) उस शस्त्र का अनुसरण करने से क्या लाभ होगा? (२)
(६) हमारे अहिंसक आंदोलन ने दुनिया को क्या दिखा दिया है? (२)
(७) इस गद्यखंड़ के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए। (२)

(७)

मनुष्य जहाँ जन्म लेता है, वहाँ की धूल में खेलकर बड़ा होता है। वहाँ से उसे स्वाभाविक प्रेम हो जाता है। वहाँ के सभी लोग उसके जाने- पहचाने हो जाते हैं। लगभग सभी उसके समान भाषा बोलते हैं और सभी का रहन - सहन एक सा होता है। ऐसी दशा में वहाँ के लोगोंसे उसकी ममता का होना स्वाभाविक है। मनुष्य चाहे कितने ही अच्छे स्थान पर क्यों न रहने लगे, उसका मन जन्मभूमि में पहुँचने को उत्सुक रहता है। जन्मभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ है। जिस देश में हमने जन्म लिया है, जिसके अन्न ,जल और वायु से हमारा पालन हुआ है, उसके प्रति प्रेम की भावना का रखना हमारा कर्तव्य है। देश की उन्नति में ही हमारी उन्नति है। यदि देश गिरी दशा में होगा तो न हम अधिक दिन संपन्न रह सकते हैं और न हमारा मान हो सकता है। देश के प्रति सबको ममता की भावना रखनी चाहिए।

(१) मनुष्य को जन्मभूमि से स्वाभाविक प्रेम क्यों होता है? (४)
(२) अपनी जन्मभूमि के प्रति कौन-सी भावना रखना हमारा कर्तव्य है? (४)
(३) स्वर्ग से भी श्रेष्ठ किसे कहा गया है? (४)
(४) हमारी उन्नति किसमें निहित है? (२)
(५) यदि हमारा देश गिरी दशा में होगा तो हमारी स्थिति क्या हो जाएगा? (२)
(६) देश के प्रति हम सबको कौन - सी भावना रखनी चाहिए? (२)
(७) गद्य - खंड़ के लिए उचित शीर्षक दीजिए। (२)

(८)

भारतीय जनता से मुझे इतना प्रेम और स्नेह मिला है कि मैं, चाहे जो भी कुछ क्यों न करूँ, उसके अल्पांश का भी बदला नहीं चुका सकता। सच तो यह है कि प्रेम जैसी अमूल्य वस्तु का बदला चुकाया ही नहीं जा सकता। मैं तो केवल यह आशा कर सकता हूँ कि जितने दिन मैं और जीवित रहूँ, अपने देशवासियों के और उनके प्यार के योग्य बना रहूँ। मेरी इच्छा है कि मरने के बाद मेरा दाह-संस्कार कर दिया जाए। यदि मैं विदेश में मरूँ तो दाह-संस्कार वहीं कर दिया जाए ओर मेरी भस्म प्रयाग भेज दी जाए। भस्म की एक मुट्ठी गंगा में प्रवाहित कर दी जाए।भस्म का शेष भाग, विमान व्दारा ऊपर से, खेतों पर बिखेर दिया जाए, जहाँ भारत के किसान अपना पसीना बहाते हैं, ताकि वह भस्म भारत की धूल और मिट्टी में मिलकर भारत का अभिन्न अंग बन जाए।

गंगा तो विशेषकर भारत की नदी है। लोगों की उस पर अपार श्रध्दा है। उसके साथ भारत की जातीय स्मृतियाँ, उसकी आशाएँ और उसके विजय-गीत जुड़े हुए हैं। युगों पुरानी भारतीय संस्कृति-सभ्यता की प्रतीक रही है यह गंगा, जो अनादि काल से बहती चली आ रही है,फिर भी बनी हुई है गंगा की गंगा।

प्रश्न:

(१) लेखक के मन में भारतीय जनता के प्रति कैसी भावना है? (४)

(२) नेहरूजी ने अपने अंतिम संस्कार के बारे में क्या इच्छा प्रकट की है? (४)

(३) उन्होंने अपनी भस्म के विषय में क्या लिखा है? (४)

(४) नेहरूजी केवल क्या आशा कर सकते है? (२)

(५) नेहरूजी अपनी भस्म खेतों में क्यों बिखेर देना चाहते है? (२)

(६) गंगा के प्रति लेखक की क्या भावना है? (२)

(७) गद्य-खंड़ के लिए उचित शीर्षक दीजिए। (२)

(९)

कुमार रणजीत सिंह को भारतीय क्रिकेट का जादूगार कहा जाता है और उन्हें भारत का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी माना जाता है। उसका जन्म १० सितम्बर, १८७५ को जामनगर के पास एक गाँव में हुआ। रणजी इस छोटे से नाम से क्रिकेट की दुनिया में मशहूर बने। अपनी बल्लेबाजी से उन्होंने क्रिकेट के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया । उस अद्‌भुत बल्लेबाजी का रहस्य कोई नहीं जान सका। एक समीक्षक एस.ए.गोविंदराजन ने उन्हें क्रिकेट का सम्राट कहा। उनकी रन बटोरने की कला से प्रभावित होकर किसी ने उन्हें उदारतापूर्वक सिक्कों की बौछार करनेवाले करोड़पति सेठ की उपमा दी। रणजी जीवनभर अविवाहित रहे। जब-जब भी विवाह का प्रसंग आता तब-तब वह मजाक -मजाक में कहते कि क्रिकेट ही मेरी जीवनसंगिनी है। अपने विद्यार्थीजीवन में उन्होंने एक कविता लिखी थी जिससे उनकी खेल, खिलाड़ी और खेल में होनेवाली हार-जीत के बारे में आदर्श विचारधारा का परिचय मिलता है। २ एप्रैल, १९३३ के दिन उनकी मृत्यु हुई। भारत में उनकी स्मृति में हर साल रणजी ट्राफी प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।

प्रश्न:

(१) रणजीत सिंह का जन्म कब और कहाँ हुआ? (४)

(२) रणजीत सिंह की रन बटोरने की कला से प्रभावित होकर उन्हें कौन-सी उपमा दी गई? (४)

(३) भारत में रणजीत सिंह की स्मृति किस तरह मनाई जाती है? (४)

(४) रणजीत सिंह की जीवनसंगिनी कौन थी? (२)

(५) अपनी लिखी एक कविता में रणजीत सिंह ने कौन- से विचार व्यक्त किए है? (२)

(६) एस.ए.गोविंदराजन ने रणजीत सिंह के बारे में क्या कहा है? (२)

(७) गद्य-खंड़ के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए। (२)

(१०)

हमारे पूर्वजों ने स्त्री का बड़ा महत्व माना है। उन्होंने स्त्री को धार्मिक कार्यो में अग्रस्थान दिया है और उसकी बड़ी प्रशंसा की है। वे मानते थे कि जिस घर में विदुषी नारी होती है, वहाँ के नर-नारी सद्‌गुणों से विभूषित हो जाते हैं। इसीलिए तो मनु ने कहा है कि "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता " अर्थात् जहाँ नारियों की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करते हैं। स्त्री तो घर की रानी है। उसका प्रभाव बच्चों पर सबसे ज्यादा होता है। बचपन में बालकों पर गहरे संस्कार पड़ते हैं, वे हमेशा के लिए रह जाते हैं। इस प्रकार स्त्री के कारण मानवसमाज ने उन्नति की हैं।स्त्री ही दुनिया में बडे-बडे महापुरुष पैदा करती है। मानवसमाज की उन्नति में उसका जितना हाथ है उतना किसी और का नहीं है। उसकी प्रेरणा से संसार में मनुष्य-रत्न पैदा होते हैं और मानवसमाज को उन्नति के पथ पर ले जाती है।

प्रश्न:

(१) हमारे पूर्वजों ने स्त्री को क्या महत्त्व दिया है? (४)

(२) मनु ने नारी की महत्ता को किस उँचाई तक पहुँचाया है? (४)

(३) बालकों के जीवन -निर्माण में स्त्री का क्या योगदान होता है? (४)

(४) मानवसमाज की उन्नति में नारी का क्या योगदान है? (२)

(५) संसार में किसकी प्रेरणा से मनुष्य-रत्न पैदा होते हैं? (२)

(६) मानव समाज को उन्नति के पथ पर कौन ले जाता है? (२)

(७) गद्य-खंड़ के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए। (२)

(११)

भरत के चरित्र को तुलसीदास बाहर से नहीं, भीतर से संवारते हैं, उसे बड़ी सहजता और स्वाभाविकता से उभारते हैं। जैसे राम का नामस्मरण सुखदायी है, उसी तरह भरत का नाम पवित्र बनानेवाला है। इसका कारण साफ है, भरत राम को प्राणों से भी प्रिय हैं। जिसे राम प्रिय हो वह महान बन जाता है, किंतु जो राम को प्रिय हो उसकी महानता का कहना ही क्या? भरत में दोनों गुण घुले-मिले हैं। राम तो उन्हें प्रेम करते ही हैं, साथ ही साथ भरत भी राम से प्रेम करते हैं। जो राम को प्रिय हो या जिसे राम प्रिय हो, उस पर कोई आक्षेप लगाना या उसके बारे में कुछ अनुचित बोलना राम का अपमान होगा। इससे सत्कर्म तो नष्ट होंगे ही, पाप भी बढेगा। धर्म का मूलाधार यह है कि जब भक्त प्रभुमय हो जाता है तब उसके संपूर्ण चरित्र में प्रभुता प्रकाशित हो उठती है।

प्रश्न :

(१) भरत में कौन से गुण घुले मिले हैं? (४)

(२) भरत के चरित्र को तुलसीदास जी ने कैसे उभारा है? (४)

(३) तुलसीदास जी भरत के नाम के बारे में क्या कहते हैं? (४)

(४) धर्म का मूलाधार क्या है? (२)

(५) राम का अपमान कब होगा? (२)

(६) सत्कर्म किस प्रकार नष्ट होंगे? (२)

(७) इस गद्य-खंड़ को उचित शीर्षक दीजिए। (२)

(१२)

इस युग में पुस्तकों के महत्व से कौन परिचित नहीं है? पुस्तकें सरस्वती का वरदान हैं। ज्ञान-विज्ञान की अक्षुण्ण-निधि उन्हीं के कलेवर में बन्द रहती है। हमारे पूर्वजों की संचित ज्ञान-राशि उन्हींके माध्यम से हम

तक पहुँचती हैं। पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र हैं, जो दु:ख में हमें ढाढ़स बँधाती और सुख में हमें हर्षित करती हैं। उनके इसी महत्व को लक्षित करते हुए तो ऑस्टिन फिलिप्स ने कहा था, " पुराने कपड़े पहनकर भी नयी किताबें खरीदिए।"

सर्वसाधारण भारतीय तो नयी-नयी पुस्तकें खरीदने के शौकीन न होते। हाँ, विद्यार्थी-समाज को अपने पाठ्यक्रम-निर्धारित पुस्तकें अवश्य खरीदनी पड़ती किन्तु खेद का विषय है कि हमारे आज के विद्यार्थियो को अपनी पुस्तकें सँभाल कर रखना नहीं आता। कक्षा में पढ़ने के लिए जब कभी विद्यार्थियों से पुस्तकें ली जाती हैं, तब किसी के पन्ने-नदारद , कोई मैली-कुचैली है, तो किसी पर ज्यामिती की नानाविध आकृतियों की भरमार । पाठ में आये कठिन शब्दों को रेखांकित कर हाशिये पर उनके अर्थ लिखने की बुरी आदत से तो आजकल के लगभग सभी विद्यार्थी ग्रस्त प्रतीत होते हैं। आखिर ऐसा क्यों?

प्रश्न :

(१) पुस्तकों का क्या महत्व है? (४)
(२) भारतीयों के प्रति लेखक क्या कहते हैं? (४)
(३) बच्चों की पाठ्यपुस्तकों में अक्सर क्या दिखायी पड़ता है? (४)
(४) विद्यार्थी कौनसी बुरी आदत से ग्रस्त हैं? (२)
(५) आज के विद्यार्थियों को क्या नहीं आता? (२)
(६) हमारी सच्ची मित्र कौन है? (२)
(७) गद्य-खंड़ के लिए उचित शीर्षक दीजिए। (२)

(१३)

उन्नति के पथ पर चलनेवाला छात्र प्रात:काल सूर्योदय से पूर्व ही उठ बैठता है। नित्यकर्म से निवृत्त होकर वह स्नान करता है। तत्पश्चात भगवान से प्रार्थना करता है कि वह सदा उसका पथ प्रदर्शक रहे। प्रार्थना के बाद व्यायाम करना उत्तम छात्र के लिए आवश्यक है। इसके बिना शरीर सबल, सुंदर और सुगठित नहीं हो सकता। जिस मंदिर में सुंदरता न हो, उसमें बैठनेवाली मूर्ति कभी सुंदर नहीं हो सकती। व्यायाम के बाद थोड़ा जलपान करना अत्यंत हितकार होता है। उसके बाद दैनिक समाचारपत्र भी देखना चाहिए, ताकि संसार, देश, नगर तथा पड़ोसियों की गतिविधियों का परिचय हो जाए। इसका ज्ञान न होने से कभी-कभी बडी हानि होती है। समाचार पठन के पश्चात् विद्यार्थी अपने पाठयविषय का अध्ययन करता है, उस पर विचार तथा नवीन अभ्यास का प्रयत्न करता है।

प्रश्न:

(१) उन्नति के पथ पर चलनेवाला छात्र प्रात:काल कब उठता है? (४)
(२) स्नान करने के बाद छात्र को भगवान से प्रार्थना क्यों करनी चाहिए ? (४)
(३) छात्र के लिए व्यायाम क्यों आवश्यक माना गया है ? (४)
(४) व्यायाम के बाद कौन-सा कार्य आवश्यक माना गया है ? (२)
(५) छात्र के लिए दैनिक समाचारपत्र पढ़ना अनिवार्य क्यों है ? (२)
(६) समाचार पठन के पश्चात् छात्र को क्या करना चाहिए ? (२)
(७) इस गद्यखंड के लिए उचित शीर्षक लिखिए। (२)

(१४)

विद्यार्थी के तीन अर्थ होते हैं। विद्या का अर्थ ग्रहण करने वाला, विद्या का उपार्जन करनेवाला और विद्या ही जिसका अर्थ है वह अर्थात् विद्या को समझा जाता है, बाद में उसको ग्रहण किया जाता है, तब वह विद्या

जीवन की पूंजी बनती है। तात्पर्य विद्यार्थी अपने इस विद्यार्थी काल में अपनी जीवन की पूंजी जमा करता है। पूर्ण विद्या ज्ञान, कला एवं कौशल से बनती है। ज्ञान याने विज्ञान और दर्शन (तत्त्वज्ञान) को जानना। कला में लिखना, पढ़ना, संगीत, नृत्य, चित्र आदि सभी कलाएँ आती हैं और कौशल के अंतर्गत जीवनोपयागी धनोपार्जन के उद्योग आते हैं। पूर्ण विद्या का संपादन पूर्ण जीवन की तैयारी है या पूर्ण विद्या ही पूर्ण जीवन है। कौशल से धनोपार्जन होता है, किंतु धन से जीवन सुखी नहीं बनता। केवल कलाएँ भी जीवन को सुखी नहीं बना सकती और न केवल ज्ञान पर आदमी जिंदा रह सकता है। तात्पर्य, ज्ञान, कला और कौशल का संबंध क्रमश: तन, मन ओर धन से है। ज्ञान से बौध्दिक सुख कला से मानसिक सुख और कौशल से सांपत्तिक सुख प्राप्त होता है। पूर्ण विद्या से तीनों प्रकार का सुख मिलता है। जो जीवन-भर विद्यार्थी होते है, वे अपने जीवन में कभी भी असफल नहीं होते, बल्कि नरश्रेष्ठ बनते हैं।

प्रश्न:

(१) विद्यार्थी के कौन-से व कितने अर्थ होते है? (४)
(२) विद्यार्थी जीवन की पूंजी कब बनती है? (४)
(३) पूर्ण विद्या किस-किस से बनती है ? (४)
(४) ज्ञान का तात्पर्य क्या है ? (२)
(५) कौशल के अंतर्गत क्या आता है ? (२)
(६) व्यक्ति कब नरश्रेष्ठ बनता है ? (२)
(७) इस गद्यखंड को उचित शीर्षक दीजिए। (२)

* * * *